CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 57 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 12 अगस्त 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान बीजेपी में फेरबदल की आहट के साथ मंत्रिमंडल में बड़े बदलाव के संकेत, राठौड़ के बयान से भाजपा खेमे में हलचल

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर



राजस्थान की सियासत में इन दिनों मंत्रिमंडल फेरबदल और विस्तार की चर्चा जोर पकड़ रही है। बीजेपी खेमे में कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्णय के बाद प्रदेश में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। लंबे समय से अटकी प्रदेश कार्यकारिणी पर भी फैसला होने की उम्मीद जताई जा रही है।

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के ताज़ा बयान ने इस अटकलों को और हवा दे दी है। उन्होंने संकेत दिए कि कुछ मौजूदा मंत्रियों को हटाकर पार्टी संगठन में जिम्मेदारी दी जा सकती है, वहीं संगठन से नए चेहरों को सरकार में स्थान मिल सकता है। राठौड़ ने साफ कहा– हम कई मंत्रियों को संगठन में लेने की सोच रहे हैं। हमारे यहां से भी कुछ जाएंगे और वहां से भी लोग आएंगे। संगठन सर्वोपरि है, वही सत्ता बनाता है। जहां जरूरत होगी, सिपाही को उसी मोर्चे पर भेजा जाएगा।

सूत्रों के मुताबिक, जब भी बदलाव होगा, यह सिर्फ चेहरे बदलने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि मंत्रिमंडल और संगठन दोनों स्तरों पर संतुलन साधने की कवायद होगी। राठौड़ ने इशारों-इशारों में यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया का समय पूरी तरह से पार्टी नेतृत्व तय करेगा और ऐलान भी उसी समय होगा।

## बिजौलिया में चैन स्नैचिंग का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार – मास्टरमाइंड फरार



गिरफ्तार आरोपी रवि स्वर्णकार



गिरफ्तार आरोपी अश्विनी उर्फ काकू

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

कस्बे में 2 अगस्त को नगर पालिका चौक पर बुजुर्ग महिला की सोने की चेन झपटने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि घटना का मास्टरमाइंड अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

थानाधिकारी लोकपाल सिंह ने बताया कि 2 अगस्त को रात साढ़े 8 बजे के लगभग कस्बा निवासी कमला बाई मंदिर से दर्शन कर लौट रही थीं। इस दौरान नगर पालिका चौक के पास मोटरसाइकिल सवार दो युवक ÷राम-राम÷ कहकर उनका ध्यान भटकाते हुए गले से 30 ग्राम वजनी सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। पीड़िता के पोते राहुल जैन की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल और जैन मंदिर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के साथ मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बिजोलिया के छोटा दरवाजा, निवासी रवि स्वर्णकार (31) पिता भंवर लाल स्वर्णकार और अश्विनी कुमार उर्फ काकु (23) पिता अशोक वैष्णव को हिरासत में लिया है । वहीं, मामले का मास्टरमाइंड आयुष पुत्र ओम लक्ष्कार निवासी बिजौलिया फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस को मामले में और भी वारदातें उजागर होने की संभावना है। स्थानीय स्तर पर ऐसी चर्चाएं हैं कि फरार आरोपी कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी रखता है और इस कारण से गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा है, हालांकि पुलिस ने इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## प्रेम-प्रसंग में रोड़ा बनी पत्नी, पति ने रचा हत्या का षड्यंत्र

भीलवाड़ा फोकस @ अजमेर





आरोपी पति रोहित

जिले के किशनगढ़ क्षेत्र के सिलोरा गांव में रविवार को हुई विवाहिता संजू सैनी की हत्या के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला पर्दाफाश किया है। जांच में सामने आया कि पति रोहित सैनी ने प्रेम संबंध में बाधा बनने पर अपनी पत्नी की जान लेने की साजिश रची और इसे अंजाम देने के लिए दो साथियों को शामिल किया।

पुलिस के अनुसार, योजना कुछ दिन पहले ही बनाई गई थी। घटना के बाद पति ने लूट व हत्या की झूठी कहानी गढ़कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय इनपुट के सामने उसकी चालबाजी ज्यादा देर नहीं टिक सकी।

किशनगढ़ थाना और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपी पति रोहित सैनी और उसके सहयोगी रवि मेघवाल (20), निवासी राजीव कॉलोनी अजमेर को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक किशोर को निरुद्ध किया गया है।

पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि रोहित सैनी मूल रूप से किशनगढ़ उदयपुर कलां का निवासी है। वारदात में एक महिला की भूमिका पर भी संदेह है, जिसके आरोपी से संबंध होने की आशंका है। पुलिस इस पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

## दिल्ली और एमपी में स्वतंत्रता दिवस पर धमाका करने की साजिश नाकाम, 6 आरोपी गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

पंजाब के जालंधर में ग्रेनेड धमाका करने वाले आरोपियों को राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और पंजाब पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर दबोच लिया है । ये आरोपी स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली और मध्य प्रदेश के ग्वालियर में धमाका करने की फिराक में थे। पुलिस ने जयपुर और टोंक में दबिश देकर 3 नाबालिग समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिन्हें पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया।

पंजाब पुलिस ने बीती 7 जुलाई को जालंधर में शराब कारोबारी की दुकान के बाहर ग्रेनेड धमाका कर दहशत फैलाने के मामले में राजस्थान पुलिस को अलर्ट भेजा था। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन के निर्देशन और एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के एडिशनल एसपी सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में जयपुर रेंज और अजमेर रेंज में सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान जयपुर सिटी और टोंक के आपराधिक क्षेत्रों में छानबीन कर संदिग्धों की पहचान की गई।

पुलिस ने जितेंद्र चौधरी उर्फ रितिक (निवासी आकोडिया, थाना निवाई, जिला टोंक), संजय (निवासी नौरंगदेसर, थाना शेरगढ़, जिला हनुमानगढ़) और सोनू उर्फ काली (निवासी आलमगीर, कपूरथला, पंजाब) को गिरफ्तार किया। इनके साथ 3 नाबालिग भी डिटेन किए गए। पूछताछ में सामने आया कि ये सभी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े हैं और कनाडा में बैठे जीशान अख्तर के निर्देश पर काम करते थे। जीशान, पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी, मनु अगवान और गोपी नवाशहरिया के साथ मिलकर देश के अलग-अलग हिस्सों में आपराधिक गतिविधियां संचालित करता है। बताया गया कि जीशान ने ही इन आरोपियों को ग्रेनेड उपलब्ध कराया और जालंधर ब्लास्ट के बाद 15 अगस्त के आसपास दिल्ली व ग्वालियर में बड़ी वारदात करने की जिम्मेदारी दी थी।

## खनन व क्रेशर संचालकों की हड़ताल से खनन ठप, निर्माण रुका: 11 दिन में सरकार को अरबों का नुकसान

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर



राजस्थान में खनन और क्रेशर उद्योग की हड़ताल थमने का नाम नहीं ले रही है। लंबे समय से चल रही इस ठप व्यवस्था ने न केवल सरकार की आर्थिक सेहत पर गहरा असर डाला है, बल्कि आम लोगों के लिए भी निर्माण कार्य बेहद महंगे और मुश्किल हो गए हैं। उद्योग से जुड़े संगठनों का कहना है कि सरकार की चुप्पी से नाराज़ होकर अब आंदोलन को और आक्रामक रूप देने की तैयारी की जा रही है। राजधानी में जल्द ही विशाल रैली और महासम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें हजारों लोगों के जुटने की संभावना है। हड़ताल के चलते अब तक सरकार को करीब 5 हजार करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हो चुका है। वहीं, प्रदेशभर में लाखों श्रमिक बेरोजगार हो गए हैं, जिससे लगभग 57 लाख से ज्यादा लोगों के घरों में रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। निर्माण सामग्री की कीमतें भी बेकाबू हो गई हैं–गिट्टी के दाम 800 रुपए से बढ़कर 1200 रुपए प्रति टन तक पहुंच गए हैं, जबकि ईंटों में 800 रुपए से अधिक का उछाल है। स्थिति इतनी गंभीर है कि प्रदेश में बारिश में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत रुक गई है। बजरी और गिट्टी की किल्लत के कारण सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है, एंबुलेंस समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पा रही, और व्यापारिक परिवहन की लागत दोगुनी हो गई है। पीडब्ल्यूडी, नगर निगम और विकास प्राधिकरणों के हजारों करोड़ रुपए के निर्माण प्रोजेक्ट पूरी तरह ठप हैं, वहीं आवंटित बजट लैप्स होने के कगार पर है।

11वें दिन भी हड़ताल जारी होने पर खनन और क्रेशर संचालकों का आरोप है कि सरकार 'बांटो और राज करो' की नीति अपना रही है, लेकिन इस बार सभी जिला संघ एकजुट हैं। तय कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर प्रदर्शन होंगे और फिर राजधानी में करीब 10 हजार लोगों की भागीदारी वाली विशाल रैली से सरकार पर दबाव बनाया जाएगा।

## कोटड़ी में नाकाबंदी में पिकअप से 3.92 लाख रुपए बरामद , वाहन जब्त ,शांति भंग में 5 गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



( दिनेश पारीक ) – थाना पुलिस ने ए-श्रेणी की नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप से नकद राशि 3 लाख 92 हजार रुपये, पिकअप वाहन, दो मोटरसाइकिल और एक ट्रेलर जब्त करते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई शांति भंग और संज्ञेय अपराध को रोकने के लिए की गई।थानाधिकारी महावीर प्रसाद ने बताया की 11 अगस्त को थाना सर्कल में नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान शाहपुरा की ओर से आ रही पिकअप को रोककर तलाशी ली गई, कार्रवाई के दौरान नकद 3.92 लाख रुपये, पिकअप, दो मोटरसाइकिल और एक ट्रेलर जब्त किया गया है । वही मामले में पप्पु गुर्जर (25) पुत्र हाथी राम गुर्जर, निवासी सांखड़ा, थाना पारोली, जिला भीलवाड़ा , सुशिल कुमार सुथार (30) पुत्र किशन लाल सुथार, निवासी सांखड़ा, थाना पारोली, जिला भीलवाड़ा , परमेश्वर गुर्जर (18) पुत्र भंवरलाल गुर्जर, निवासी सांखड़ा, थाना पारोली, जिला भीलवाड़ा महेन्द्र कीर (36) पुत्र रंगलाल कीर, निवासी मीरानगर, थाना पारोली, जिला भीलवाड़ा , सोनलाल धाकड़ (40) पुत्र भगवान लाल धाकड़, निवासी दोराई, थाना बेंगू, जिला चित्तौड़गढ़ को शांतिभंग में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

CMYK

# सब्जी मंडी में मोबाइल चोरी के संदेह में युवक पुलिस के हवाले



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

अजमेर तिराहे स्थित सुबह लगने वाली सब्जी मंडी में सोमवार को एक सब्जी विक्रेता के मोबाइल चोरी के संदेह में पब्लिक ने एक युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। यातायात पुलिसकर्मी लोकेश ने बताया कि युवक सब्जी विक्रेता का मोबाइल पार करने की कोशिश कर रहा था। इस पर वहां मौजूद लोगों ने संदेह के आधार पर उसे पकड़ लिया और कंट्रोल रूम को सूचना दी।

सब्जी विक्रेता जीवन सिंह ने बताया कि वह ग्राहकों में व्यस्त था, तभी युवक मोबाइल ले जाने की फिराक में था। संदेह होने पर उन्होंने मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मी को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद इसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया ।

# सुभाषनगर पुलिस ने बलशाली हनुमान मंदिर चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सुभाषनगर थाना पुलिस ने आरके कॉलोनी स्थित बलशाली हनुमान मंदिर में 8 अगस्त को हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि आरके कॉलोनी निवासी दीपक दाधिच ने थाने में रिपोर्ट दी थी की 8 अगस्त की रात को मंदिर के बाहर लगे दान पात्र से 2,000 से 3,000 रुपये की नकदी चोरी हो गई। इससे पूर्व में भी मंदिर में चोरी का प्रयास हो चुका था। पुलिस ने घटना को लेकर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान सूचना संकलन और तकनीकी जांच से पुलिस ने मुकेश बलाई निवासी लाछुड़ा, आसिंद और धर्मराज उर्फ बालू सांसी निवासी माताजी का खेड़ा , बनेडा को डिटेन किया ।

पूछताछ में दोनों ने पंचमुखी बालाजी मंदिर, थाना भीमगंज क्षेत्र में चोरी करना कबूल किया है। पुलिस को आशंका है की आरोपी कई अन्य वारदातों में भी शामिल है । पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही अग्रिम कार्रवाई शुरू की है ।

# डीएसटी और पुलिस की कार्रवाई, 14 साल से फरार 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला विशेष टीम और सुभाषनगर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 14 साल से फरार ?10 हज़ार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है ।



पुलिस ने बताया है की आरोपी अनिल जाट पुत्र लोकराम जाट (42) निवासी मोतीपुरा, थाना सिवाणी, जिला भिवानी हरियाणा सुभाषनगर थाने में वर्ष 2011 में दर्ज एक्साइज एक्ट व 299 सीआरपीसी में वांछित था। जिसे थानाधिकारी शिव राज गुर्जर सुभाषनगर के नेतृत्व में गठित टिम द्वारा अथक प्रयास करते हुए हरियाणा के भिवानी से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया । पुलिस मामले की अग्रिम कार्रवाई में जुटी है ।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# शाहपुरा में अमर शहीद हेमू कालानी के स्मारक व प्रतिमा का लोकार्पण आज

## समारोह में पहली बार कालानी परिवार की मौजूदगी, देशभक्ति और एकता का संदेश देगा आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

देश की स्वतंत्रता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले सनातन सिंधी समाज के वीर क्रांतिकारी अमर शहीद हेमू कालानी की स्मृति में शाहपुरा स्थित सिंधी कॉलोनी के पास नवनिर्मित भव्य स्मारक एवं प्रतिमा का लोकार्पण मंगलवार, 12 अगस्त को सुबह 10 बजे होगा। यह आयोजन नगर पालिका शाहपुरा एवं पूज्य सिंधी पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में होगा, जो देशभक्ति और सामाजिक एकता का अनुपम उदाहरण बनेगा।

सोमवार को सिंधी धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में कार्यक्रम संयोजक मूलचन्द पेसवानी ने बताया कि स्मारक को तिरंगा थीम पर सजाया गया है और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शहर में कार्यक्रम को लेकर भारी उत्साह है।




कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, पुष्पांजलि अर्पण और महाप्रसाद का आयोजन होगा। विद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और युवाओं में इस कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह है।

नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने बताया कि स्मारक युवाओं में देशभक्ति और बलिदान की भावना जगाने के उद्देश्य से बनाया गया है। यह न केवल शहीद हेमू कालानी के साहस और त्याग की गाथा कहेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगा।

हेमू कालानी भारत के सबसे कम उम्र के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। मात्र 18 वर्ष की आयु में उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करते हुए फांसी का वरण किया। उनका जीवन साहस, निडरता और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। आज जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, यह स्मारक स्वतंत्रता संग्राम की कीमत और संघर्ष की गहराई का एहसास कराएगा।

### पहली बार कालानी परिवार की मौजूदगी

आयोजन की विशेषता यह है कि पहली बार अमर शहीद हेमू कालानी के परिवारजन स्वयं समारोह में उपस्थित रहेंगे। इनमें कमला कालानी उपाध्यक्ष, अमर शहीद हेमू कालानी यादगार मंडल, मुंबई, सुरेश कालानी और नरेश कालानी ट्रस्टी, मंडल, मुंबई विशेष रूप से शामिल होंगे।

### मुख्य अतिथि और गणमान्य

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उपस्थित रहेंगे। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम महाराज सनातन उदासीन आश्रम, भीलवाड़ा, सांसद दामोदर अग्रवाल, शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी और जिले की सभी सिंधी पंचायतों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

# पुलिस हिरासत में ज्वेलर की मौत पर स्वर्णकार समाज आक्रोशित, आंदोलन की चेतावनी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

कांकरोली थाना पुलिस की हिरासत में भीलवाड़ा के ज्वेलर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज नवयुवक मंडल समिति, भीलवाड़ा ने सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संबंधित पुलिस अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर पूरे थाना स्टाफ को निलंबित करने की मांग की।



अध्यक्ष लखन सोनी के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया गया कि 10 अगस्त को थाना कांकरोली के पुलिस अधिकारी व 3-4 कांस्टेबल गाडरमाला निवासी खूबचन्द सोनी को दुकान से जबरन उठाकर चोरी का सामान खरीदने का आरोप लगाते हुए थाने ले गए। सीसीटीवी जांच में कोई सबूत न मिलने पर भी आरोप स्वीकारने का दबाव बनाते हुए मारपीट व मानसिक प्रताड़ना दी गई। हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। समाज ने मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा, आश्रित पुत्र को सरकारी नौकरी देने और पोस्टमार्टम से पहले परिवार की मौजूदगी में मेडिकल मुआयना करने की मांग रखी। चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गई तो समाज व व्यापारी आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने के दौरान मंत्री मनीष सोनी, कोषाध्यक्ष ट्विंकल सोनी सहित सैकड़ों समाजजन मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा में 60 से अधिक स्कूल बिना मान्यता के, कार्रवाई की मांग तेज

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले में शिक्षा के अधिकार कानून की खुलेआम अनदेखी हो रही है। जिले में करीब 60 से 70 निजी स्कूल और कई कोचिंग सेंटर बिना मान्यता और रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। इन संस्थानों के खिलाफ जिला निजी शिक्षण संस्थान संगठन ने सख्त कार्रवाई की मांग उठाई है। संगठन ने जिला कलेक्टर के माध्यम से शिक्षामंत्री को पाँच सूत्रीय मांग पत्र भेजकर अवैध संस्थानों को तुरंत बंद करने और छात्रों को आर्थिक नुकसान से बचाने की अपील की है।



जिलाध्यक्ष अर्जुन देवलिया और जहाजपुर ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश जैन के नेतृत्व में देवली-जहाजपुर से आए कार्यकर्ताओं ने बताया कि कई निजी स्कूलों ने शिक्षा विभाग में आवेदन तक नहीं किया है। ये संस्थान बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। संगठन ने मांग की है कि बिना मान्यता वाले स्कूलों को तुरंत बंद कर उनके छात्रों का दाखिला मान्यता प्राप्त स्कूलों में कराया जाए।

लोकेश जैन ने कहा कि जिले में कई कोचिंग सेंटर भी बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं, जो अभिभावकों से मोटी फीस वसूल रहे हैं। इन पर रोक लगाकर वसूली गई फीस वापस कराई जाए। इस दिशा में जिला स्तर पर कोर कमेटी बनाई गई है, जिसके अध्यक्ष डॉ. देबीलाल साहू और लोकेश जैन को नियुक्त किया गया है। यह टीम नियमों की पालना नहीं करने वाले स्कूलों और कोचिंग सेंटरों की सूची सबूतों सहित विभाग के उच्चाधिकारियों को सौंपेगी।

मांग पत्र में पिछले दो वर्षों से लंबित आरटीई पुनर्भरण का भुगतान करने, ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारियों द्वारा सर्वे कराकर अवैध संस्थानों पर कार्रवाई करने और शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की भी मांग शामिल है। इस मौके पर अजय मेवाड़ा, अतुल चौधरी, भगवान शर्मा, पंकज शर्मा, मुकेश सैनी, यशवंत मीणा, विजेश पहाड़िया, महेंद्र शर्मा, दिनेश छीपा और नकुल शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।



## QUICK BITES

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज भीलवाड़ा जिले के दौरे पर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी 12 अगस्त को एकदिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा जिले में रहेंगे। वे सुबह 8:00 बजे अजमेर से प्रस्थान कर सुबह 9:30 बजे शाहपुरा पहुंचेंगे और 10:00 बजे शहीद हेमू कालानी की मूर्ति अनावरण समारोह में शामिल होंगे। सुबह 11:15 बजे शाहपुरा से प्रस्थान कर दोपहर 12:00 बजे भीलवाड़ा पहुंचेंगे। इसके बाद 12:15 बजे एमएलवी कॉलेज परिसर में आयोजित माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय के अमृत महोत्सव उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। देवनानी दोपहर 3:00 बजे भीलवाड़ा से अजमेर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## 15 अगस्त से फ़ास्टेग वार्षिक पास में बदलाव, निजी वाहनों को बड़ी राहत

**3000 में सालभर 200 बार टोल पार करने की सुविधा, व्यावसायिक वाहन नहीं होंगे शामिल**

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा**



केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने टोल बूथों पर फ़ास्टेग नियमों में बदलाव किया है। आरोली टोल प्लाजा के मैनेजर अरुण शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त से 3000 के वार्षिक फ़ास्टेग पास पर निजी वाहन मालिक सालभर में 200 बार टोल पार कर सकेंगे। इस सुविधा का लाभ केवल निजी वाहनों – कार, जीप, वैन – को मिलेगा, व्यावसायिक वाहन इससे बाहर रहेंगे।

नए नियम के तहत वार्षिक फ़ास्टेग पास सिर्फ उसी वाहन पर मान्य होगा, जिसके नाम पर पास लिया गया है। पास एक्टिवेटेड वाहन के आगे के शीशे पर फ़ास्टेग लगाना अनिवार्य होगा। दूसरी गाड़ी पर पास का उपयोग करने या फ़ास्टेग न लगाने पर राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत बिना पूर्व सूचना के पास रद्द किया जा सकेगा।

### कहां और कैसे मिलेगा पास

वार्षिक फ़ास्टेग पास एनएचएआई की वेबसाइट से ऑनलाइन प्राप्त किया जा सकेगा। इसके लिए वाहन की जानकारी और दस्तावेज अपलोड करने होंगे। 3000 का भुगतान करने के बाद पास सक्रिय हो जाएगा।

पास के तहत 200 बार टोल पार करने की सीमा होगी। 200 से अधिक बार गुजरने पर सामान्य टोल दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा।

पहले वाहन मालिकों को हर यात्रा पर टोल शुल्क देना पड़ता था, लेकिन अब सालाना पास से रोजाना हजारों निजी वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

# जेल में बंदियों को सकारात्मक सोच की प्रेरणा

**महासाध्वी कुमुदलताजी म.सा. ने कहा– राग-द्वेष त्यागें, धर्म के प्रति श्रद्धावान रहें**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



सुभाषनगर जैन स्थानक में चातुर्मास कर रहीं अनुष्ठान आराधिका ज्योतिष चन्द्रिका महासाध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने सोमवार को जिला कारागृह पहुंचकर बंदियों को धर्म संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी मन से राग-द्वेष का त्याग कर सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। अपने धर्म में श्रद्धा बनाए रखें, क्योंकि समय बदलता है और पुण्योदय आने पर अच्छे दिन लौटते हैं।

स्वर साम्राज्ञी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने गीतों से प्रेरणा दी, जबकि पद्मकीर्तिजी म.सा. व राजकीर्तिजी म.सा. ने ओम ह्रीं श्री मुनिसुव्रत स्वामी नमः मंत्र का जाप कराया, जिससे माहौल सकारात्मक ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक भैरूसिंह राठौड़, जिला न्यायाधीश पवन जैन, एडीजे विशालकुमार सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। आयोजन में टीनशेड, वाटरकूलर, कुर्सी और पंखे उपलब्ध कराने की घोषणाएं हुईं।

# एमजीएच में कतार में दम तोड़ रही बुजुर्गों के इलाज की उम्मीद, जिम्मेदार कर्मचारी नहीं दे रहे है कोई ध्यान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




**(पंकज पोरवाल)** सरकार बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए बेहतर सुविधाएं देने के दावे करती है, लेकिन महात्मा गांधी अस्पताल (एमजीएच) की हकीकत इन दावों के विपरीत है। यहां उपचार के लिए आने वाले बुजुर्ग और दिव्यांग पर्ची कटाने और चिकित्सक को दिखाने के लिए घंटों कतार में खड़े रहने को मजबूर हैं।

अस्पताल प्रशासन ने इनके लिए अलग कतार की व्यवस्था कर रखी है, लेकिन जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही से सामान्य मरीज भी इन कतारों में खड़े हो जाते हैं, जिससे बुजुर्गों और दिव्यांगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। सोमवार को दो दिन की छुट्टी के बाद मरीजों की भीड़ अधिक थी, जिससे हालात और बिगड़ गए। सुबह 8 बजे से ही अस्पताल में लंबी कतारें लग जाती हैं। वरिष्ठ नागरिकों, विकलांगों और महिलाओं के लिए अलग काउंटर होने का दावा तो है, लेकिन हकीकत में इस व्यवस्था की निगरानी नहीं होती। हमीरगढ़ के बुजुर्ग ख्यालीलाल ने बताया कि वह शुगर और बीपी की दवा लेने आए थे, लेकिन लाइन में दूसरे लोग घुस जाने से पर्ची लेने में दिक्कत हुई और लंबे इंतजार से पैर दुखने लगे।

दिव्यांग मरीजों के लिए भी स्थिति कठिन है। व्हीलचेयर और बैसाखी के सहारे कतार में खड़े होकर पर्ची लेना उनके लिए बेहद कष्टदायक साबित हो रहा है। यह स्थिति मानवीय संवेदनाओं को झकझोरने वाली है।

अस्पताल प्रशासन को चाहिए कि विशेष कतारों की कड़ाई से निगरानी करे और जिम्मेदार कर्मचारियों को पाबंद बनाए। साथ ही, आम मरीजों को भी जागरूक किया जाए कि वे बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए बनी कतारों में खड़े न हों।

# सवाईपुर स्कूल में मंत्रिपरिषद का गठन, मंत्रियों ने ली शपथ

**प्रधानाचार्य ठाकुर का नवाचार, विद्यार्थियों को लोकतंत्र से कराया रूबरू**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




कोटड़ी ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सवाईपुर में प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर ने नवाचार करते हुए विद्यार्थियों को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से विद्यालय में बाल संसद का गठन किया ।

जिसमें प्रधानमंत्री दिव्याशी सुथार, उप प्रधानमंत्री सिद्धांत पुरावत सहित शिक्षा मंत्री सरिता जाट, शिक्षा उप मंत्री कविता कुमारी जाट, जल एवं कृषि मंत्री सचिन आचार्य, जल एवं कृषि उप मंत्री शिवराज जाट, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री हर्ष सारस्वत, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता उप मंत्री उपासना श्रोत्रिय, पुस्तकालय एवं विज्ञान मंत्री राधाकिशन साल्वी, पुस्तकालय एवं विज्ञान उप मंत्री राहुल प्रजापत, सांस्कृतिक मंत्री कोमल वैष्णव, सांस्कृतिक उप मंत्री कोमल जाट, अनुशासन मंत्री विकास जाट, अनुशासन उप मंत्री राहुल सुथार, खेल एवं क्रीड़ा मंत्री हर्षित साहू, खेल एवं क्रीड़ा उप मंत्री पूजा खटीक, सूचना एवं प्रसारण मंत्री मनभर सुथार तथा सूचना एवं प्रसारण उप मंत्री प्रियांशी शर्मा ने ग्राम पंचायत सवाईपुर के सरपंच एवं प्रशासक किशन जाट और पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी से शपथ ग्रहण की।



शपथ ग्रहण समारोह में किशन जाट ने कहा कि विद्यार्थी शिक्षकों के आचरण और कार्यप्रणाली का अनुसरण करते हैं, इसलिए शिक्षकों को विद्यार्थियों को सकारात्मक मार्गदर्शन देना चाहिए तथा उन्हें प्यार और समझ से अध्ययन के लिए प्रेरित करना चाहिए। पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी ने विद्यालय में लोकतांत्रिक प्रणाली को लागू कर विद्यार्थियों को इसकी जानकारी देने के नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि प्रारंभिक स्तर से लोकतंत्र की समझ भविष्य में जनप्रतिनिधि बनने या सरकारी सेवा में जाने पर सहायक होती है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. ठाकुर ने अतिथियों का उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया और ग्राम पंचायत के प्रशासक व जनप्रतिनिधियों से विद्यालय मैदान में इंटरलॉकिंग टाइल और टीन शेड लगाने की मांग की, ताकि विद्यार्थियों को धूप और बारिश से बचाया जा सके और कार्यक्रम सुचारू रूप से हो सकें।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अमृता शर्मा ने किया, जबकि अंत में शारदा सुखवाल और सत्य प्रकाश भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया।

समारोह में शांतिलाल आचार्य, रामकुमार जाट, श्याम सुंदर क्षौत्रिय, रामेश्वर लाल, हीरालाल, राकेश कुमार जाट, प्रमोद क्षौत्रिय, मोहनलाल रेगर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

**भीलवाड़ा फोकस**
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# भाजपा जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

## 34 जिला पदाधिकारी और 69 कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने 103 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। इसमें 34 जिला पदाधिकारी और 69 कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए हैं।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि 34 जिला पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष विशाल गुरूजी, मंजू चैचाणी, लक्ष्मण सिंह राठौड़, गोपाल तेली, अमर सिंह चौहान, कल्पेश चौधरी, अशोक तलाईच, कुलदीप शर्मा।

महामंत्रीः- अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, कन्हैया लाल जाट , मंत्री कांता जोशी, राजेन्द्र बोहरा, आरती कोगटा (त्रिपाठी), लादुलाल जाट, ललिता कंवर, सुरेन्द्र सिंह मोटरास, किस्मत गुर्जर, मांगी लाल गुर्जर , प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अभिश्रुता टांक, अनिल सिंह जादोन, भूपेन्द्र सिंह बिलिया , मीडिया संयोजक महावीर समदानी; सहसंयोजक मोनू छीपा , आईटी संयोजक अजय नौलखा; सहसंयोजक कुलदीप माथुर , सोशल मीडिया संयोजक रागिनी गुप्ता , सहसंयोजक आकाश मालावत, महेन्द्र नायक , प्रकोष्ठ संयोजक बाबूलाल आचार्य , सहसंयोजक नन्दकिशोर राजपुरोहित सहित 69 कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किए गए है ।

# उदयपुर में 8 साल की बच्ची से रेप, आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर**



उदयपुर में 8 साल की मासूम से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। डबोक थाने के बाहर सोमवार को बड़ी संख्या में लोग जुटे और गाड़ियों में तोड़फोड़ की, जिसके बाद पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा। हालात को देखते हुए तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरा इलाका छावनी में बदल गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने नाबालिग से रेप करना कबूल कर लिया है।

पुलिस ने बताया है की रविवार शाम करीब 7ः30 बजे बच्ची खेत पर गई थी। तभी आरोपी वहां आया और मुंह दबाकर उसे झाड़ियों में ले गया। उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया। बदहवास बच्ची जैसे-तैसे घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई। बच्ची की हालत बिगड़ने पर उसे तुरंत एमबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अब उसकी हालत स्थिर है।

घटना की जानकारी के बाद सोमवार सुबह बड़ी संख्या में लोग डबोक थाने के बाहर इकट्ठा हुए और आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। इसी बीच किसी ने यह अफवाह फैला दी कि पीड़िता की मौत हो गई है, जिससे भीड़ आक्रोशित हो गई और पथराव शुरू कर दिया। आक्रोशित भीड़ ने उदयपुर-डबोक सर्विस लेन पर गाड़ियों में तोड़फोड़ की और रोड जाम कर दिया। हालात बिगड़ते देख अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने गाड़ियों पर पथराव करने के मामले में 39 लोगों को हिरासत में लिया है और 13 बाइक जब्त की हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपी को सीसीटीवी फुटेज और डॉग स्क्वॉड की मदद से गिरफ्तार किया गया है।


# सांसद अग्रवाल के प्रयासों से जोधड़ास रेलवे ओवर ब्रिज को मिलेगी गति, दिसंबर से शुरू होगा आवागमन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

सांसद दामोदर अग्रवाल के प्रयासों से अजमेर रोड 200 फीट रिंग रोड पर बनने वाला वर्षों से लंबित रेलवे ओवर ब्रिज जल्द ही पूरा होने की दिशा में आगे बढ़ गया है।

सांसद प्रवक्ता विनोद झूरानी ने बताया कि अग्रवाल ने दिल्ली स्थित रेल भवन में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार से मुलाकात कर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की मांग की। इस पर चेयरमैन ने आश्वासन दिया कि रेलवे की ओर से कार्य नवंबर तक पूरा कर दिया जाएगा।

सांसद अग्रवाल ने कहा कि भीलवाड़ा का बहुप्रतीक्षित 200 फीट रेलवे ओवर ब्रिज दिसंबर से चालू हो जाएगा। इसके शुरू होने से टंकी के बालाजी से जोधड़ास जाने वाले लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी और 200 फीट रोड पर यातायात सुगम हो जाएगा।



# सफाई कर्मचारियों का अल्टीमेटम, 6 मांगों पर नहीं मिला समाधान तो होगी झाड़ू डाउन हड़ताल'

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**



नगर पालिका के स्थायी व अस्थायी सफाई कर्मचारियों ने सोमवार को अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिशाषी अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार सौंपे गए मांग पत्र में कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का निस्तारण निर्धारित समय में नहीं हुआ तो झाड़ू डाउन अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

मांग पत्र में प्रमुख रूप से सभी कर्मचारियों का बकाया भुगतान, सरेण्डर भुगतान, चयनित वेतनमान लागू करना, सर्विस बुक का मिलान, वर्ष 2023-24 की बजट बैठक में पदोन्नति प्रस्ताव पर विचार तथा सफाई कर्मचारियों के लिए बैठक कक्ष निर्माण की मांग शामिल है। साथ ही वेतन विसंगति दूर कर समय पर भुगतान की भी मांग की गई।

पार्षद राहुल अटवाल ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन अगर समय पर समाधान नहीं करता है तो सफाई कर्मचारी मजबूरन आंदोलन करेंगे। कर्मचारियों ने प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई है, अन्यथा हड़ताल का ऐलान करने की चेतावनी दी है ।

# श्रेया कुमावत का सम्मान, राज्य मंत्री के साथ सिंदूर पौधे का रोपण

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**




पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान के लिए ग्रीन लिटिल बेबी श्रेया कुमावत को श्री कल्पतरु संस्थान के वृक्ष मित्र सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। जयपुर स्थित श्याम ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा और महिमा ग्रुप के चेयरमैन धीरेन्द्र मदान ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

श्रेया ने राज्य मंत्री के साथ सिंदूर पौधे का रोपण भी किया। कम उम्र में ही पौधारोपण, जागरूकता रैलियों और पर्यावरण अभियानों में सक्रिय श्रेया को समाज में हरियाली बढ़ाने के प्रयासों के लिए यह उपाधि मिली है। कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर 2.0 के तहत एक लाख सिंदूर पौधों का वितरण भी शुरू किया गया।

## QUICK BITES

### चारागाह संरक्षण से ही किसान और देश की समृद्धि : कुमावत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



सुविचार अभियान के तहत डोहरिया चारागाह में भूमि, गौ एवं वृक्ष पूजन कार्यक्रम हुआ। जिला सहसंयोजक परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने कहा कि चारागाह समृद्ध होंगे तो पशुधन और किसान समृद्ध होंगे, और किसान की समृद्धि में ही भारत की समृद्धि है। उन्होंने जल संरक्षण, वृक्षारोपण और रसायनमुक्त खेती को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में प्रशासक सत्यप्रकाश बैरवा, पूर्व आरएएस रामनिवास जाट सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### गांवों में तेजा लोकगीतों की गूंज , भादवा मास की तेजा दशमी पर होंगे भव्य मेले

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



(रमेश चंद्र डाड)। कस्बे सहित क्षेत्र के गांवों में इन दिनों लोक देवता तेजाजी महाराज के लोकगीतों की धूम मची हुई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, ढोलक, ताल और मजीरों की थाप पर तेजाजी महाराज के जीवन इतिहास और उनके लोक कल्याण के कार्यों की जीवनी लोकगीतों के रूप में सुनाई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भादवा मास की तेजा दशमी पर तेजा स्थानकों पर भव्य मेले आयोजित किए जाएँगे ।

### 13 अगस्त को निकलेगी भाजपा की तिरंगा यात्रा, तैयारियों को लेकर सुभाष मंडल की बैठक आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



भारतीय जनता पार्टी सुभाष मंडल की 13 अगस्त को आयोजित होने वाली वाहन तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रमुख कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जिला नेतृत्व ने कार्यक्रम का संयोजक पार्षद जगदीश गुर्जर और सहसंयोजक रोहित सेन व दिनेश माली को नियुक्त किया। यात्रा दोपहर 3ः15 बजे मोदी ग्राउंड से शुरू होकर मुख्य मार्गो से होती हुई चित्रकूट धाम पहुंचेगी। बैठक में जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह मोटरास, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा, डॉ. राजसाध वैष्णव, मंडल उपाध्यक्ष पुनीत प्रताप सिंह, अमित मेहता, अनिता आर्य, मंडल मंत्री राहुल सुवालका, दीपक पराशर, रणजीत सिंह, पंकज श्रोत्रिय, केशर सिंह चौधरी, सीपी जोशी, शांति लाल डाड़ सहित कई पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आकोला में बनास नदी किनारे शिव मंदिर पर संत सम्मेलन

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



(रमेश चंद्र डाड)। कस्बे में बनास नदी किनारे स्थित शिव मंदिर पर संत सम्मेलन का आयोजन हुआ। महंत रामस्नेही दास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर संत महात्माओं की उपस्थिति में भगवान का हरि कीर्तन किया गया। महंत रामदास फलारी बाबा ने प्रवचन में कहा कि भगवान का हरि कीर्तन करने से ही मनुष्य भवसागर पार कर सकता है। संत सम्मेलन में बड़ी संख्या में संत-महात्मा, स्त्री-पुरुष और छोटे-छोटे बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में हरि कीर्तन के बाद भगवान को भोग अर्पित किया गया और महाप्रसाद का आयोजन हुआ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।